हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 अगस्त 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 दूध का भाव 70 रुपए करने की मांग किसानों को...



07 जिला पंचायत सीईओ का एक्शन, लापरवाही...



खबर संक्षेप

राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 21 अगस्त को दोपहर 1:15 बजे सीहोर तहसील के ग्राम पाटनी पहुंचेंगे और उप स्वास्थ्य का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे नागरिकों की समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण भी कराएंगे। कार्यक्रम के बाद वह भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास की 650 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के साथ ही जिले में उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए "श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा" आयोजित की जाएगी। अभियान के अंतर्गत जिला एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित होंगी। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार यात्रा के आयोजन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

फैक्ट्री संचालक की मनमानी: 80 से 100 रु. किलो में बनने वाले इस नकली पनीर को असली बताकर 300 से 400 रु. किलो में बेच रहे

दिल की बीमारियां परोस रहा एनालॉग पनीर रुद्रांश डेयरी पर फिर छापा, 360 क्विंटल जब्त

संभागीय उड़नदस्ता भोपाल और खाद्य एवं औषधि प्रशासन सीहोर की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में हैरान करने वाली बात यह रही कि महज एक सप्ताह के भीतर इसी फैक्ट्री पर यह दूसरी बड़ी छापेमारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावधान! अगर आप बाजार से पनीर खरीद रहे हैं तो जरा संभल जाइए। स्वाद और रूप-रंग में असली जैसा दिखने वाला एनालॉग पनीर आपकी सेहत के लिए धीमा जहर साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देशों के बाद चलाए जा रहे शुद्ध के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने सीहोर के पचामा गांव स्थित रुद्रांश डेयरी पर देर रात छापेमारी कर 360 क्विंटल प्रतिबंधित एनालॉग पनीर जब्त किया है। डेयरी का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया।

संभागीय उड़नदस्ता भोपाल और खाद्य एवं औषधि प्रशासन सीहोर की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में हैरान करने वाली बात यह रही कि महज एक सप्ताह के भीतर इसी फैक्ट्री पर यह दूसरी बड़ी छापेमारी है।

क्या है एनालॉग पनीर और क्यों है सेहत के लिए जहर

एनालॉग पनीर दूध से नहीं, बल्कि पाम ऑयल, घटिया वनस्पति तेल, स्टार्च, स्किम्ड मिल्क पाउडर और केमिकल्स के मिश्रण से तैयार किया जाता है। दूध की प्राकृतिक मलाई फैट निकालकर उसमें सस्ते तेल मिलाए जाते हैं।

हृदय रोग और हार्ट अटैक का खतरा

इसमें इस्तेमाल होने वाला पाम ऑयल शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है, जिससे दिल की नसों में ब्लॉकेज और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ जाता है।

हफ्तेभर में दूसरी कार्रवाई, उड़ाईं नियमों की धज्जियां

खाद्य आयुक्त को मिली गुप्त शिकायत के आधार पर उड़नदस्ता प्रभारी पंकज श्रीवास्तव की अगुआई में रात में जब छापा मारा गया तो नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ती मिलीं। पैकेटों पर कंपनी का नाम और पता तक गायब था। मौके से भारी मात्रा में नमक और शक्कर भी मिली।

हफ्तेभर पहले ही इसी फैक्ट्री से 2 क्विंटल से अधिक एनालॉग पनीर जब्त किया गया था, लेकिन उत्पादन बंद करने के बजाय और बढ़ा दिया। फिलहाल अधिकारियों ने पूरे 360 क्विंटल पनीर को सील कर दिया है और सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

लीवर, किडनी और पाचन पर हमला

इसमें मौजूद कैमिकल्स और ट्रांस फैट से एसिडिटी, कब्ज, मोटापा, डायबिटीज और लंबे समय में कैंसर व लीवर-किडनी खराब होने का डर रहता है।

12 अगस्त से बैन, फिर भी निर्माण: प्रदेश सरकार ने जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 12 अगस्त से ही एनालॉग पनीर के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा रखा है। मिलावटखोर महज 80 से 100 रु. किलो में बनने वाले इस नकली पनीर को असली पनीर बताकर 300 से 400 रु. किलो में बेचकर उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी कर रहे थे।

कांग्रेस और सेवादल ने मनाई राजीव गांधी की जयंती, निकाली सद्भावना रैली

सीहोर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय, न्यू बस स्टैंड सीहोर में श्रद्धांजलि सभा एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश सेवादल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भार्गव एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस दौरान कांग्रेस एवं सेवादल कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी अमर रहें सहित विभिन्न नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा के बाद राजीव गांधी के सद्भावना, एकता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सद्भावना रैली निकाली गई। रैली कांग्रेस कार्यालय, न्यू बस स्टैंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कोतवाली चौराहे पहुंची। रैली में सेवादल एवं कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा और बैनर लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम तथा राजीव गांधी अमर रहें के नारे लगाते हुए शामिल हुए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने के लिए दूरगामी निर्णय लिए, जिसका



लाभ आज भारत को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश में एकता, विकास और सद्भावना को मजबूत करने की रही है।

कोतवाली चौराहे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अविनाश भार्गव ने कहा कि राजीव गांधी के सपनों के भारत के निर्माण के लिए सभी को एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश घर-घर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र ठाकुर, राष्ट्रीय सेवादल के पदाधिकारी गणेश तिवारी, नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव, घनश्याम मीणा ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सेवादल जिला अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले ने किया एवं आभार व्यक्त धीरज सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमख रूप से विष्णु प्रसाद राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, सीताराम भारती, ओमप्रकाश बाबा, विजय जोहरी, जसपाल यादव, अमित गौर, दामोदर शर्मा, सुनील दुबे, प्रेमनारायण परमार, गुलाब बाई ठाकुर, श्रीमती आरती नरेन्द्र खंगराले, मुकेश ठाकुर, खुमान सिंह गुर्जर, हफीज चौधरी, ताराचन्द यादव, हरिओम सिसादिया, विक्रम पेरवाल, रामचरण मालवीय, नन्द किशोर मालवीय, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, औंकार सिंह पेरवाल, पन्नालाल खंगराले, जयराम जाटव, इजि.जितेन्द्र सिंह, मोनु शर्मा, सुनील बागवान, यश यादव, तनिष्क त्यागी, जितेन्द्र परमार, विकास विश्वकर्मा आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

रस्सी से बिजली तार झुकाकर कटर से काटते थे, मंडी पुलिस ने 4 शातिरों को गिरफ्तार कर 2.5 क्विंटल तार किया जब्त

सीहोर में बिजली तार चोर गिरोह का पर्दाफाश, चोरी का माल खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया

सीहोर। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली के तार चोरी की घटनाओं का थाना मंडी पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिन के समय मोटरसाइकिल से गांवों में घूमकर बिजली लाइनों की रेकी करते थे और रात होते ही मौका देखकर बिजली के तार काटकर चोरी कर लेते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 2.5 क्विंटल बिजली के तार सहित करीब 2.50 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है।

भटोनी-जताखेड़ा सहित कई गांवों में वारदात : पुलिस के अनुसार 15 अगस्त को थाना मंडी पुलिस को सीहोर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के तार चोरी होने की घटनाओं की सूचना मिली थी। भटोनी, जताखेड़ा, लालाखेड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में हुई वारदातों को गंभीरता से लेते हुए थाना मंडी में अपराध क्रमांक 255/2026 दर्ज किया गया। मामले में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत प्रकरण कायम कर जांच शुरू की गई।

पुलिस ने घेराबंदी कर चार संदिग्धों को पकड़ा : लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए घेराबंदी की और चार संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तार चोरी करने की बात स्वीकार की।

मोटरसाइकिल से करते थे दिन में रेकी : पूछताछ में सामने आया कि मुकेश शाक्य, उत्तम



शाक्य और रंजीत ठाकुर मोटरसाइकिल से अलग-अलग गांवों में जाते थे। दिन के समय वे बिजली लाइनों और आसपास के क्षेत्र की रेकी करते थे। इसके बाद रात में सुनसान स्थान देखकर बिजली के तार चोरी करने की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने चोरी का तरीका भी पूछताछ में बताया।

आरोपी बिजली के खंभों से तार चोरी करने के लिए रस्सी का इस्तेमाल करते थे। रस्सी के सहारे बिजली के तार को नीचे की ओर झुकाने के बाद आरी या कटर से तार काट दिया जाता था। इसके बाद चोरी किए गए तारों को लेकर आरोपी मौके से फरार हो जाते थे। चोरी का माल बाद में कबाड़ी को बेच दिया जाता था।

चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी भी गिरफ्तार : पुलिस जांच में चोरी के तारों को कबाड़ी की दुकान पर बेचने की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले सलमान कुरैशी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 2.5 क्विंटल बिजली के तार बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, रस्सा और कटर भी जब्त किया गया है।

2.50 लाख रुपए का मशरूका जब्त : मंडी थाना प्रभारी अर्चना चौहान ने बताया कि मंडी पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही से करीब 2.5 क्विंटल बिजली के तार बरामद किए हैं। साथ ही एक मोटरसाइकिल, रस्सा और कटर जब्त किया गया है। जब्त किए गए कुल मशरूका की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने जिले में और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

अन्य घटनाओं और आरोपियों की तलाश जारी : पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। मामले में चोरी की अन्य घटनाओं और संभावित रूप से गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच आगे बढ़ने पर बिजली तार चोरी की अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

वार्ड क्रमांक 9 में 7 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण

नगर पालिका के निरंतर प्रयासों से शहर के वार्डों में तेजी से हो रहे विकास कार्य : नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चाणक्यपुरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 में लगभग 7 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया। इस मौके पर वार्ड क्रमांक के लोकप्रिय पार्षद सीताराम यादव ने बताया कि वार्ड में तेजी से कार्य हुए है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से विकास कार्य का श्रीगणेश कराते हुए कहाकि शहर को विकसित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

यह सीसी रोड लोकेश नामदेव जी के घर से विश्वकर्मा जी के घर तक बनाई गई है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सड़क निर्माण पूर्ण होने से स्थानीय रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं में भी सुधार होगा।

लोकार्पण अवसर पर नपाध्यक्ष राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद का लक्ष्य केवल शहर के मुख्य मार्गों का विकास करना नहीं, बल्कि प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक मोहल्ले तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। चाणक्यपुरी सहित शहर के सभी क्षेत्रों में नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास को नई गति : उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास को नई गति मिली है और उसी भावना के साथ नगर सरकार भी सीहोर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ नगर पालिका परिषद को जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरना ही नगर सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि विकास कार्यों की श्रृंखला आगे भी निरंतर जारी रहेगी। शहर के जिन क्षेत्रों में सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां चरणबद्ध तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि सीहोर को स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और विकसित शहर बनाने के संकल्प के साथ नगर पालिका परिषद पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। क्षेत्रवासियों ने सीसी रोड निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क बनने से दैनिक आवागमन में काफी सुविधा होगी और बारिश के दौरान होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद कमलेश राठौर, कमलेश कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, नरेंद्र राजपूत, प्रदीप गौतम, लोकेंद्र वर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

संभागीय स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिताओं में सीहोर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

सीहोर। संभाग स्तरीय शालेय हैंडबॉल, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग एवं कुश्ती प्रतियोगिताओं में सीहोर जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर पदक एवं पुरस्कार प्राप्त किए।

सीहोर में आयोजित बेसबॉल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में सीहोर विजेता एवं भोपाल उपविजेता रहा।

हैंडबॉल प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक वर्ग में सीहोर ने उपविजेता के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 14 वर्ष बालिका वर्ग में भी सीहोर ने विजेता के रूप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 17 वर्ष बालिका वर्ग में भी सीहोर जिले ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर विजेता खिताब प्राप्त किया।

वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी सीहोर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वेटलिफ्टिंग में 17 वर्ष बालिका वर्ग में 8 कैटगरी में 5 में विजेता एवं भोपाल ने 3 में



सफलता हासिल की । 17 वर्ष बालक वर्ग में 8 कैटगरी में 7 में सीहोर विजेता एवं 1 में भोपाल विजेता रहा। 19 वर्ष बालिका वर्ग में 8 कैटगरी में खिलाड़ियों ने सीहोर 5 में विजेता,2 में विदिशा एवं 1 में भोपाल विजेता रहा।वहीं 19 वर्ष बालक वर्ग में 8 कैटगरी में से 6 में विजेता, 1 में भोपाल एवं 1 में विदिशा विजेता रहा। कुश्ती में बालक वर्ग में 20 वजन कैटगरी में 17 गोल्ड और 5 सिल्वर प्राप्त किए। बालिका वर्ग में 10 वजन कैटगरीमें 5 गोल्ड और 1 सिल्वर जीत कर सीहोर का परचम लहराया। शालेय खेल प्रतियोगिताओ में खिलाड़ियों की यह उपलब्धि जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा के निर्देशन, आवासीय विद्यालय प्राचार्य आलोक शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला कीड़ा अधिकारी अत्ताउल्लाह खान के संचालन में प्राप्त की है। शिक्षा विभाग के अंकुर शर्मा,सतीश त्यागी, शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रदीप नागिया, महेंद्र बाथम, लोकेश परमार, संजय सक्सेना, मंजू प्रजापति, अंकित चौहान ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

खबर संक्षेप



राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

बुधनी। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत की मौजूदगी में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया इसके बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने राजीव गांधी के जीवन और उनके राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए देशहित में किए गए कार्यों को याद किया वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण,तकनीकी विकास और सूचना क्रांति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे, प्रमोद चौहान,हेमंत वर्मा,रिंकू दुबे, गिरीश पांडे,राजीव दुबे,श्रवण दीवान, बालवीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

सेंट एनिस ने सेंट मेरी को 1-0 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार की शाम को खेले गए एक रोमांचक मैच में सेंट एनिस ने सेंट मेरी को 1-0 से हराया। इस मैच में अंतिम समय में एक मात्र गोल एनिस की ओर से कृष्णा ने गोल किया। मैच के अंत में नव नियुक्त खेल अधिकारी अता उल्ला खान का सम्मान खेल संगठनों की ओर से आनंद उपाध्याय, मनोज कन्नोजिया, अरुण राठौर, दीपक बाथम, मनोज अहिरवार और सुयश कन्नोजिया ने किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बुधवार को ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अलावा यहां पर आगामी दिनों में अंडर-14 टीम की घोषण को लेकर दो दिवसीय ट्रायल का आयोजन किया गया।

12 रुपए प्रति फैट और हर साल बढ़ोतरी की मांग की

दूध का भाव 70 रुपए करने की मांग किसानों को मिल रहे सिर्फ 55 रुपए

दूध की केन सिर पर रखकर तहसील कार्यालय पहुंचे किसान, 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



दुध उत्पादन की बढ़ती लागत और बाजार में मिलने वाले कम भाव से परेशान दूध उत्पादक किसानों का आक्रोश गुरुवार को साफ़ दिखाई दिया। दूध का उचित मूल्य दिलाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में किसान दूध की केन सिर पर रखकर तहसील कार्यालय पहुंचे। किसानों ने 'जय जवान-जय किसान' के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया और तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपकर दूध के भाव में बढ़ोतरी की मांग की।

किसानों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें दूध की गुणवत्ता और फैट के आधार पर करीब 9 से 10 रुपए प्रति फैट का भुगतान किया जा रहा है। वहीं कई किसानों को बाजार मूल्य अनुसार करीब 55 रुपए प्रति लीटर तक ही भाव मिल रहा है। किसानों की मांग है कि दूध का उचित मूल्य बढ़ाकर करीब 70 रुपए प्रति लीटर किया जाए, ताकि उत्पादन लागत निकलने के साथ पशुपालकों को मेहनत का उचित लाभ मिल सके।

22 अगस्त से हड़ताल की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। किसानों ने बाहरी दूध की आवक रोकने, सांची दूध की गाड़ियों को रोकने और बंदी में जाने वाले घरों का दूध भी बंद करने की चेतावनी दी है।

किसानों ने बताया कि पशुओं के चारे, दाना, खली, भूसा, दवाइयों और पशुओं की देखभाल पर लगातार खर्च बढ़ रहा है। इसके अलावा पशुपालन में श्रम और अन्य खर्च भी बढ़ गए हैं। ऐसे में मौजूदा दूध भाव में पशुपालन करना किसानों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि निजी कंपनियों और दूध खरीदने वाले व्यापारियों के स्तर पर किसानों से कम भाव में दूध खरीदा जा रहा है, जबकि उपभोक्ताओं से दूध के लिए अधिक कीमत वसूली जा रही है। इससे उत्पादक किसान और उपभोक्ता के बीच मूल्य का अंतर बढ़ रहा है।

फैट मशीनों की जांच और सुधार की मांग भी रखी

ज्ञापन में किसानों ने दूध का भाव 12 रुपए प्रति फैट करने की प्रमुख मांग रखी है। साथ ही दूध का वजन लीटर के हिसाब से करने, प्रत्येक वर्ष 1 मार्च से दूध के भाव में प्रति फैट बढ़ोतरी करने तथा दूध के प्रति लीटर भाव में प्रतिवर्ष 5 रुपए की वृद्धि करने की मांग की गई है। किसानों ने दूध खरीदी केंद्रों पर लगी फैट मशीनों की जांच और सुधार की मांग भी रखी। किसानों का कहना है कि किसान चाहे एक लीटर दूध दे या 100 लीटर, दूध की गुणवत्ता के आधार पर समान नियम लागू होना चाहिए। मात्रा के आधार पर फैट निर्धारित करने की व्यवस्था नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने किसानों को समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दूध व्यापारियों और किसानों के बीच बैठक कर उनकी मांगों पर चर्चा की जाएगी और समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

तीन साल से सीवन नदी के तट से कांवड़ लेकर पहुंच रहे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु विठलेश सेवा समिति ने किया सम्मान



सीहोर। शहर के सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक गुरुवार को शिवभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। हजारों श्रद्धालु कंधों पर कांवड़ लेकर बाबा के धाम की ओर बढ़ रहे थे। इसी भीड़ में छत्तीसगढ़ निवासी दिव्यांग राजेश ट्राइसिकल पर कांवड़ लेकर करीब 11 किलोमीटर की यात्रा करते नजर आए। आस्था और हौसले के इस संगम ने रास्ते से गुजर रहे श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। इसको अलावा एक 13 साल का बड़ा भाई अपने 3 साल के छोटे भाई को गोद में कंधे पर कांवड़ लेकर धाम तक पहुंचा। राजेश ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से लगातार सीवन नदी के तट से पवित्र जल लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं। इस बार भी वह अपने साथियों के साथ वाहन से ट्राइसिकल लेकर सीहोर पहुंचे और सीवन नदी के तट से कांवड़ यात्रा शुरू की। उन्होंने बताया कि पूर्व में उनके परिवार में गृहक्लेश का वातावरण रहता था और उनका बेटा नशे की गिरफ्त में था। परिवार में शिव महापुराण का श्रवण और भगवान शिव की भक्ति शुरू होने के बाद अब घर में शांति और सद्भाव का वातावरण है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव पर विश्वास रखने से उन्हें आत्मिक शक्ति मिलती है और इसी आस्था के चलते वह हर साल कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचते हैं। राजेश के उत्साह और भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट आस्था को देखते हुए विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथाओं से प्रेरित होकर नशे जैसी बुराइयों से दूर होकर भक्ति और धार्मिक गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।

शोकाकुल परिवारों को दिलाएंगे हर संभव मदद : डॉक्टर अजय पटेल

पानी से भरे गड्ढे में बच्चों की डूबने से हुई थी मौत



सीहोर। संवेदनशील सक्रिय जनहितैषी भाजपा नेता डॉ अजय पटेल ने विधानसभा क्षेत्र इछावर में बुधवार को हुए बेहद दर्दनाक हादसे में मासूम बच्चों की मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया। बच्चों को विन्रम श्रद्धांजलि देकर उन्होंने शोकाकुल पीड़ित परिवार को हर संभव सभी प्रकार की मदद उपलब्ध कराने की बात कहते हुए गहरी संवेदनाएं व्यक्त कर परमात्मा से शोकाकुल परिवार को सबल प्रदान करने की प्रार्थना की । भाजपा नेता डॉ अजय पटेल ने कहा कि वह जल्दी ही इछावर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलेंगे और शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए इछावर विधानसभा क्षेत्र के सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर सहित अन्य वरिष्ठ नेतृत्व से भेंटवार्ता करेंगे।

मोगरा रोड पर एक खेत में खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबने से वार्ड क्रमांक 12 निवासी सुभाष बागरी के दो पुत्र प्रशांत 12 वर्ष, पृथ्वीराज 10 वर्ष और उनके बुआ के पुत्र दीक्षांत 11 वर्ष, पिता अखिलेश बागरी की असमय मृत्यु हो गई है जिस कारण परिवार में दुख व्यक्त है।

भारत स्काउट्स व गाइड्स, जिला संघ सीहोर ने एक दिवसीय बिगिनर्स कोर्स का आयोजन किया



सीहोर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ सीहोर द्वारा स्काउट-गाइड गतिविधियों को विद्यालयों में प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय बिगिनर्स कोर्स का आयोजन शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा सीहोर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण शिविर का संचालन सुधीर सिंह विश्वकर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट), जिला सीहोर द्वारा किया गया। शिविर में सहयोगी के रूप में राजेश मेवाड़े, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), जिला सीहोर,संतोष सोनी जिला सचिव, अंकुर शर्मा, सहायक जिला सचिव, जिला संघ सीहोर तथा सुनील शुक्ला, प्रशिक्षण सलाहकार, जिला सीहोर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 25 विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग एवं गाइडिंग के इतिहास, उद्देश्य, प्रतिज्ञा, नियम, संगठन, वर्दी एवं बैज प्रणाली, नेतृत्व विकास, सामूहिक गतिविधियों तथा jसामुदायिक सेवा से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को विद्यालयों में स्काउट-गाइड को पर्यावरण के महत्व एवं वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिला सचिव संतोष सोनी अपने राम द्वारा बताया गया एवं इकाइयों के गठन एवं संचालन के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों से विद्यालय स्तर पर स्काउट-गाइड गतिविधियों को सक्रिय रूप से संचालित करने का आह्वान किया गया

मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति की बैठक संपन्न, दीपांशु बने अध्यक्ष



सीहोर। माँ भवानी दुर्गा उत्सव समिति के समस्त वरिष्ठजनों, गुरुजनों एवं सम्मानित सदस्यों द्वारा विश्वास जताते हुए सीहोर जिले की सबसे बड़ी माँ भवानी दुर्गा उत्सव समिति के समिति अध्यक्ष के रूप में नवीन सोलंकी (इंग्लिशपुरा) और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप मे दीपांशु राठौर (नट्टू) को दायित्व सौंपे जाने पर सभी वरिष्ठजनों, गुरुजनों एवं सम्मानित सदस्यों सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि माँ भवानी की सेवा करने और समिति के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों द्वारा जताए गए विश्वास को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन, सदस्यों के सहयोग एवं माँ भवानी के आशीर्वाद से इस वर्ष भी नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव को भव्य, ऐतिहासिक, अनुशासित एवं अविस्मरणीय बनाने के लिए पूरी टीम के साथ समर्पित भाव से प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प भव्य आयोजन, समर्पित सेवा, सांस्कृतिक गौरव एवं समाज के सम्मान को प्राथमिकता देते हुए नवरात्रि महोत्सव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने माँ भवानी के चरणों में प्रार्थना करते हुए कहा कि समिति के सभी वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन, सदस्यों का सहयोग और माँ भवानी का आशीर्वाद सदैव बना रहे, ताकि इस वर्ष का नवरात्रि महोत्सव सभी के लिए यादगार एवं प्रेरणादायी बन सके।

माधवमहाकाल आश्रम ने किया रामगोपाल सेन कर्मचारी नेता का सम्मान



सीहोर। माधवमहाकाल गोतीथं निमार्णाधीन केदारेश्वर मंदिर के प्रमुख राष्ट्रीय संत गोसेवक पंडित मोहित राम पाठक द्वारा केदारेश्वर शिला सांध्य आरती के अवसर रामगोपाल सेन प्रांताध्यक्ष शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ द्वारा मंदिर में दिए आथिंक सहयोग ओर किए जारहे उत्कृष्ट सामाजिक कार्य के लिए शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर आश्रम के प्रमुख संस्थापक सदस्य तुलसी राम परमार, विजय शर्मा अतुल, आरपी शुक्ला, बृजेश पाराशर, जितेन्द्र मालवीय सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर रामगोपाल सेन की धर्मपत्नी उमा देवी का भी आश्रम परिवार द्वारा पंडित मोहित राम पाठक द्वारा स्वागत किया। जिसके लिए रामगोपाल सेन द्वारा आश्रम परिवार का आभार व्यक्त किया।

कन्या शिक्षा परिसर में दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का समापन



सीहोर। जिला चिकित्सालय सीहोर द्वारा कन्या शिक्षा परिसर में निवासरत छात्राओं के उत्तम स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर का आयोजन 18 एवं 19 अगस्त को किया गया। शिविर के दौरान 475 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। छात्राओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की जांच के साथ-साथ ऊंचाई एवं वजन मापकर बॉडी मास इंडेक्स की भी जांच की गई। इसके अतिरिक्त आंखों एवं दांतों की जांच तथा आवश्यक पैथोलॉजी जांचें भी की गईं।

छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मनोचिकित्सकीय एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी काउंसलिंग भी की गई। काउंसलिंग के दौरान तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्राजक्ता कुलकर्णी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिन्द्र भन्नारिया एवं डॉ. ओ.पी. विश्वकर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ख्याति निरापुरे, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अनुश्री राजे रघुवंशी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा सिंह एवं काउंसलर ममतेश राठौर द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। जांच एवं उपचार में सहयोग के लिए लैब तकनीशियन शिवम राठौर, नर्सिंग ऑफिसर प्रियंका रघुवंशी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। दो दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, संतुलित आहार लेने एवं नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान चिन्हित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के अनुसार छात्राओं को उचित स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

वीआईटी यूनिवर्सिटी ने की शिक्षा केंद्र की स्थापना

भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल योग, मंदिर या विरासत तक सीमित नहीं है : डॉ. शीतल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने भारतीय ज्ञान प्रणालियों और विरासत अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए अपने यहां शिक्षा केंद्र की स्थापना चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई है। इस पहल को वाइस प्रेसिडेंट डॉ. शंकर विश्वनाथन, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन तथा ट्रस्टी रमणी बालासुंदरम के निरंतर प्रोत्साहन एवं सहयोग से साकार रूप मिला है ।

दरअसल शिक्षा से आशय सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम , हेरिटेज एंड अलाइड स्टडी (सीआईकेएसएचए) है । दरअसल यह एक बहुविषयी केंद्र है, जो शिक्षा, अनुसंधान, दस्तावेजीकरण और तकनीकी नवाचार के माध्यम से भारतीय ज्ञान प्रणालियों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। इस मौके पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए वाइस प्रेसिडेंट डॉ शंकर विश्वनाथन, ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं आधुनिक विज्ञान और तकनीक दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृति और तकनीक का समन्वय ही भविष्य के लिए बेहतर समाधान प्रस्तुत कर सकता है। वाइस चांसलर डॉ. सतीश कुमार मोढ़ ने अपने संबोधन में भारतीय ज्ञान और परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ज्ञान परंपरा शिक्षा, शोध और नवाचार के लिए सदैव मार्गदर्शक रही है। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. टी. बी. श्रीधरन ने भारतीय पूर्वजों द्वारा विकसित वास्तुकला, पारंपरिक चिकित्सा एवं स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के वैज्ञानिक महत्व को रेखांकित किया तथा बताया कि ये ज्ञान आज भी आधुनिक शिक्षा और शोध के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। बिजनेस स्कूल के डीन प्रभारी और सेवानिवृत्त आई. ए. एस. अधिकारी डॉ. दशरथी सतपथी ने भारतीय मंदिर वास्तुकला पर अपने विचार साझा करते हुए बताया कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मंदिरों का निर्माण स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए किया गया था। उन्होंने रेत, पत्थर और जल आधारित निर्माण तकनीकों के माध्यम से भारतीय स्थापत्य में निहित वैज्ञानिक सोच और इंजीनियरिंग ज्ञान को समझाया। **स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर की डीन ने समझाया महत्त्व :** वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर की डीन एवं शिक्षा केंद्र की संयोजक डॉ. शीतल शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल योग, मंदिर या विरासत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हजारों वर्षों से विकसित एक जीवंत ज्ञान परंपरा है, जिसमें गणित, खगोल विज्ञान, वास्तुकला, अभियांत्रिकी, चिकित्सा, भाषा विज्ञान, पर्यावरण, कला एवं सतत विकास जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपराओं को आधुनिक तकनीकों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी , डिजिटल ट्विन, बीआईएम एवं रिमोट सेंसिंग के साथ जोड़कर शोध, नवाचार एवं विरासत संरक्षण के नए अवसर विकसित करना है।

एसपीए भोपाल के संस्थापक निदेशक ने दिया व्याख्यान

समारोह के अंतिम सत्र में भोपाल से आये स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के संस्थापक निदेशक प्रो. डॉ. अजय खरे ने अपना व्याख्यान श्भूमि के नटराज की मंदिर नगरी को आकार देने में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की भूमिकाः नाट्यशास्त्र एवं शोभायात्रा मार्गश्पर दिया । उन्होंने ने बताया कि त्योहार, अनुष्ठान, नृत्य, संगीत, पारंपरिक कलाएं और मंदिर शोभायात्राएं भारत के मंदिर नगरों की योजना एवं विकास को सदियों से प्रभावित करती रही हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि केवल स्मारकों और भवनों का संरक्षण ही नहीं, बल्कि उनसे जुड़ी जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण भी आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समूचे भारत वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारतीय ज्ञान प्रणाली पहल एवं विकसित भारत मिशन 2047 के अनुरूप, शिक्षा शोध, विरासत दस्तावेजीकरण, विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाओं, सम्मेलनों एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपराओं को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक से जोड़ने का कार्य बेहतर तरीके से किया जाएगा । समारोह के अंत में आभार शिक्षा की सह-संयोजक डॉ. सौम्य शंकर घोष द्वारा व्यक्त किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे।

रोगमुक्त जीवन का मंत्र देने को पुलिस परेड ग्राउंड पर लगेगा मेगा योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत को दुरुस्त रखने और मानसिक शांति पाने के लिए योग सबसे सशक्त माध्यम है। शहरवासियों को योग के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ जीवनशैली से जोडने के उद्देश्य से रविवार को निःशुल्क मेगा योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में सुबह 7.00 बजे से 9.00 बजे तक होगा।

आयोजन समिति के सदस्य कपिल सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो घंटे के विशेष शिविर में प्रसिद्ध योगाचार्य दिनेश शर्मा शहरवासियों को नियमित रूप से निरोग रहने के आसान तरीके, प्राणायाम और महत्वपूर्ण योगासनों की तकनीक सिखाएंगे।

प्रतिदिन लगती है योग की पाठशाला

बता दें पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रतिदिन सुबह योग की नियमित पाठशाला आयोजित की जाती है। जहां शहर के कई प्रबुद्धजन, वरिष्ठ नागरिक और युवा नियमित रूप से पहुंचकर योग का अभ्यास करते हैं। प्रतिदिन चलने वाली इस कक्षा में योगगुरु दिनेश शर्मा स्वयं सभी साधकों को योगाभ्यास कराते हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए और शहर के अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के ध्येय से इस बार रविवार को बड़े स्तर पर मेगा योग शिविर का रूप दिया गया है, ताकि नौकरीपेशा, व्यापारी और छात्र भी अपनी छुट्टी के दिन इसका लाभ उठा सकें।

घर से योग मैट लाना अनिवार्य

शिविर में शामिल होने वाले सभी शहरवासियों के लिए आयोजकों की ओर से एक विशेष अपील की गई है। शिविर में हिस्सा लेने आने वाले प्रत्येक नागरिक को अपने साथ योगा मैट लाना अनिवार्य होगा। आयोजकों ने आम जनता, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से अपील की है कि वे रविवार की सुबह समय निकालकर अधिक से अधिक संख्या में पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे और योगाचार्य दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में योग सीखकर अपने जीवन को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाएं।



अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया

मंत्री टेटवाल ने छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की

हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की पुस्तकों का भी छात्राओं को वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में बुधवार को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्री ने विद्यालय की 32 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में जिले से 18 अगस्त को प्राप्त व्यावसायिक शिक्षा विषय की हेल्थ केयर एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की पुस्तकों का भी छात्राओं को वितरण किया गया। इसके साथ ही मंत्री डॉ. टेटवाल ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,भाजपा नेता विष्णु पाटीदार,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित पार्षदगण एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश वीरमाल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बीएल वर्मा एवं नायब तहसीलदार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय नागर ने किया। प्राचार्य दिनेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

ग्राम पंचायतों की समीक्षा बैठक में कमियों और उदासीनता पर जताई नाराजगी

जिला पंचायत सीईओ का एक्शन, लापरवाही पर 5 पंचायत सचिव तत्काल प्रभाव से सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के बावजूद जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पदस्थ अमला लापरवाहियों और कर्तव्य विमुखता से बाज नहीं आ रहा है।नरसिंहगढ़ ब्लॉक की पंचायतों की समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न तरह की लापरवाहियों और कर्मियों पर राजगढ़ जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर इच्छित गढ़पाले का तल्ख रुक देखने मिला। उन्होंने पांच पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने वहीं कुछ सचिवों व रोजगार सहायकों का वेतन काटने एवं अन्य पंचायत में अटैच करने के आदेश प्रदान किए हैं। समीक्षा के दौरान नरसिंहगढ़ की कई ग्राम पंचायतों में कर वसूली नहीं किए जाने तथा बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने सीईओ श्री गढ़पाले ने चंदूलाल देवड़ा, सचिव ग्राम पंचायत विजयगढ़, नारायण सिंह कुशवाह, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत विजयगढ़, अनूप गुर्जर, सचिव ग्राम पंचायत साका जागीर तथा निरंजन सिंह गुर्जर, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत साका जागीर का 3 दिवस का वेतन काटे जाने के आदेश दिए। वहीं मुकेश दांगी, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पाडल्या बना को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में अटैच किए जाने के आदेश दिए।

इन पांच कर्मचारियों पर गिरी निलंबन की गाज

बैठक से अनुपस्थित रहने पर कार्रवाई ग्राम पंचायत चारपुरा के ग्राम रोजगार सहायक धर्मेन्द्र विजयपुरिया के बिना पूर्व सूचना के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में संलग्न किए जाने के आदेश दिए गए। इसी प्रकार शिवनारायण झलावा, सचिव ग्राम पंचायत बूचाखेड़ी तथा ओम प्रकाश सेन, सचिव ग्राम पंचायत मवासा एवं अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत सराना के बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने तथा कर वसूली में अपेक्षित प्रगति नहीं किए जाने पर सस्पेंड कर दिया गया। इसी तरह समीक्षा के दौरान कर वसूली में लापरवाही एवं बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर रमेशचंद्र मालवीय, सचिव ग्राम पंचायत पाडल्याबना, चैनसिंह चैधरी, सचिव ग्राम पंचायत मानपिछोड़ी तथा गजेंद्र सिंह बैस, सचिव ग्राम पंचायत परसूखेड़ी को भी निलंबित कर दिया गया।

जो भी लापरवाही करेगा, उस पर लिया जाएगा एक्शन

बैठक में सीईओ श्री गढ़पाले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कार्यों की गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी कार्य में अनियमितता, लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

विभिन्न योजनाओं, कार्यों की गहन समीक्षा

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़, सहायक यंत्री, उपयंत्री, जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में वीबी-जी रामजी योजना अंतर्गत लेबर नियोजन, पूर्व में स्वीकृत कार्यों की पूर्णता, सीपरी पोर्टल पर कार्यों की प्लानिंग, पंचायतीराज अंतर्गत करारोपण एवं कर वसूली, आंगनबाड़ी भवनों, पंचायत भवनों तथा विद्युत देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2025 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध जारी स्वीकृतियों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

सड़क न बनने पर जताया आक्रोश

नगर पालिका गेट पर धरना देकर बैठे वार्ड-14 के बाशिंदे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

दो साल पहले से स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक शुरू नहीं के चलते वार्ड क्रमांक-14 के रहवासियों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। वार्ड के कई महिला, पुरुष सड़क की खस्ताहालत से परेशान होकर नगर पालिका गेट पर धरना देकर बैठ गए।

इस दौरान वार्ड पार्षद मोहित तंवर भी साथ थे जिन्होंने नगर पालिका प्रबंधन पर आरोप लगाए कि कांग्रेस समर्थित पार्षद होने के चलते उनके वार्ड में विकास कार्य नहीं करवाए जा रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि वार्ड-14 में बाराद्वारी कॉलोनी में परेड ग्राउंड के पीछे से कायाकल्प योजना-2 के तहत सड़क दो साल पहले से स्वीकृत है। इसके बावजूद आज दिनांक तक सड़क निर्माण कार्य आरंभ नहीं करवाया गया है। ठेकेदार को टैंडर देने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पा रहा है। सड़क की खस्ताहालत के चलते सैकड़ों लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की हालत बद से बदतर होने के कारण पैदल निकलना भी दुश्वार हो गया है। पार्षद तंवर सहित वार्ड के बाशिंदों ने नपा सीएमओ पवन अवस्थी से मांग रखी कि या तो सड़क का काम शुरू करवाया जाए या टैंडर निरस्त कर दूसरी एजेंसी/ठेकेदार को काम सौंपा जाए।

सीनियर वर्ग में मॉडल स्कूल की छात्रा रानी का प्रदर्शन रहा बेहतर

मॉडल स्कूल भानपुरा में संभाग स्तरीय शालेय वेटलिफ्टिंग स्पर्धा संपन्न

17 व 19 वर्ष के बालक-बालिकाएं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

उज्जैन संभाग के शाजापुर, रतलाम, देवास, उज्जैन, आगर मालवा, नीमच और मंदसौर जिले के लगभग 95 बालक- बालिकाओं ने संभागीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा मांदलिया के हाथों संपन्न हुआ। आयोजन में प्राचार्य दीपक टेलर, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार सिंह चंदेल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष भैसोदा उमेश पाटीदार सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। भगवान हनुमान



महाराज की पूजा अर्चना कर प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक व्यायाम शिक्षक किशोर कुमार माली, कृष्णा दीक्षित उज्जैन, तरुण लोहार, संदीप मंडलोई शाजापुर, राष्ट्रीय खिलाड़ी जीवन कुमार उनियारा रहे एवं पूरी प्रतियोगिता राष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सोलंकी की देखरेख में संपन्न हुई। जूनियर बालिका वर्ग में श्रेष्ठ प्रदर्शन

शासकीय मॉडल स्कूल भानपुरा की खिलाड़ी छात्रा मन्नू पाटीदार का रहा। वहीं सीनियर वर्ग में भी मॉडल स्कूल की छात्रा रानी सरदार का बेस्ट प्रदर्शन रहा। जूनियर बालक वर्ग में उज्जैन के राघव दीक्षित का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं सीनियर वर्ग में शाजापुर के अंशुल मंडलोई बेस्ट लिफ्ट चुने गए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में भानपुरा के सभी खेल शिक्षकों का योगदान रहा।

गांधी सागर पुलिस थाना जूझ रहा पुलिस बल की कमी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

गांधी सागर में पुलिस स्टाफ की कमी सामने आई है। यहां स्वीकृत 27 के मुकाबले मात्र पुलिस थाने में 10 का पुलिस बल मौजूद है। पुलिस थाने में 17 पद रिक्त पड़े हैं। मप्र व मंदसोर जिले के अनेक वीआईपी का यहां आगमन आम बात है जिनकी सुरक्षा से लेकर चीता प्रोजेक्ट तक की बड़ी जिम्मेदारियों का बोझ महज 10 पुलिसकर्मियों के भरोसे होना पुलिस विभाग की कार्य पद्धति हास्यास्पद है यहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हेतु उच्च अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करना चाहिए यूं भी मंदसौर जिले का महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र गांधीसागर व प्रदेश का महत्वपूर्ण बांध, जल विद्युत गृह, अभ्यारण्य में संचालित चीता प्रोजेक्ट तथा लगातार बढ़ते पर्यटन के कारण यहां पुलिस की जिम्मेदारियां सामान्य थानों की तुलना में कहीं अधिक हैं। इसके बावजूद थाना बल की भारी कमी से जूझ रहा है।

जानकारी के अनुसार गांधीसागर पुलिस थाने में स्वीकृत 27 पदों में से 17 पद रिक्त हैं। वर्तमान में थानाप्रभारी सहित महज 10 पुलिसकर्मी उपलब्ध हैं, जो विभागीय कार्य, फील्ड ड्यूटी, न्यायालयीन कार्य, वीआईपी सुरक्षा, अधिकारियों के भ्रमण तथा कानून-व्यवस्था जैसी जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। लगातार बढ़ते कार्यभार के कारण मौजूदा स्टाफ पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है।

वीआईपी मूवमेंट और चीता प्रोजेक्ट से बढ़ी जिम्मेदारी



गांधीसागर क्षेत्र में बांध एवं जल विद्युत गृह के अलावा अभ्यारण्य और चीता प्रोजेक्ट होने से समय-समय पर वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, न्यायालयीन अधिकारियों तथा वीआईपी का आवागमन होता रहता है। पर्यटन सीजन में पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ जाती है। ऐसे में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की आवश्यकता रहती है। एसआई दौलतसिंह पंवार के निधन से एक और पद खाली हो गया,थाने में पदस्थ एएसआई से पदोन्नत होकर एस आई बने दौलतसिंह पंवार का 18 अगस्त को निधन हो गया। उनके निधन से थाना स्तर पर एक महत्वपूर्ण पुलिस अधिकारी का पद भी रिक्त हो गया है। पहले से ही सीमित पुलिस बल के बीच इस घटना से कार्य व्यवस्था पर और दबाव बढ़ने की स्थिति बन गई है।

पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल की दरकार

गांधीसागर की भौगोलिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थिति को देखते हुए यहां पुलिस बल की स्वीकृत संख्या के अनुरूप पदस्थापना होना जरूरी है बांध, विद्युत गृह, चीता प्रोजेक्ट और पर्यटन गतिविधियों के कारण आने वाले समय में पुलिस की जिम्मेदारियां और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में रिक्त पदों को भरने के साथ अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराया जाना आवश्यक माना जा रहा है, ताकि मौजूदा जवानों पर पड़ रहे अतिरिक्त कार्यभार को कम किया जा सके और थाना संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें। गांधी सागर की लगभग 10 हजार की आबादी के साथ साथ पठार क्षेत्र क नावली, श्रीनगर, बड़ोदिया, ऐतिहासिक हिंगलाजगढ़ किला, सांवध, धांगा, कोटड़ी टेंक, लगी आदि अनेक गांव इसी पुलिस थाने के अंतर्गत पड़ते हैं व गांधी सागर में वर्तमान में तीन नंबर, सात नंबर, आठ नंबर की जनता की सुरक्षा भी इसी पुलिस थाने के जिम्मे है। इस मामले में एसडीओपी गरोठ भानपुरा विजय कुमार यादव ने बताया कि पहले यहां कुछ इशु थे परंतु वास्तव में यहां काफी कम पुलिस बल तैनात है। उच्चाधिकारियों से आग्रह कर यहां पर्याप्त पुलिस बल शीघ्र बढ़वाया जाएगा।

10वीं के 40, 12वीं के 48 विद्यार्थी शामिल

राठौर समाज ने 88 प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

क्षत्रिय राठौर समाज संगठन कुरावर के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले राजगढ़ जिले के राठौर समाज के 88 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10वीं के 40 एवं कक्षा 12वीं के 48 विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं राष्ट्रवीर दुर्गादास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राठौर समाज के जिलाध्यक्ष मनीष राठौर ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि राठौर समाज ने शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रगति की है। विद्यार्थियों को आगे भी पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए अपने माता-पिता, समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए। समारोह में कुरावर के अलावा झाडला, बिसारती, झुमका, पखरी, खलेली, चंदरपुरा, बोड़ा सेमला, मुंडला बरोल, बीजोरी, माना, झड़कीया जागीर, खोकरा कलां, खारदोन सहित जिले के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम में संयोजक राजू राठौर, कुरावर नगर अध्यक्षय नवीन राठौर, सेवानिवृत्त सैनिकय महामंत्री संजय राठौरय युवा प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष नीरज राठौरय चिरायु राठौरय ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार राठौर खलेलीय शिवचरण राठौर, सरपंच पखरीय बाबूलाल राठौर, संजय राठौर, रंगलाल राठौर, धूलजी राठौर, राजेश राठौर, राधेश्याम राठौर, जगदीश राठौर, गिरिजा शंकर राठौर, दिनेश राठौर, रामप्रसाद राठौर, महेश राठौर, भेरूलाल राठौर, जी.एल. राठौर, मोहन राठौर, तेजसिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

जैसा हम कर्म करेंगे वैसा ही फल मिलेगा: भाईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय जीरापुर सेवाकेन्द्र मे योग तपस्या भट्टी संपूर्णता की और बढ़ते कदम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से माऊण्ट आबू शान्तिवन से राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी ज्ञान योग साधना कराने पहुंचे। संपूर्णता को प्राप्त करने के लिये आध्यात्मिक ज्ञान की गहराईयों में ले जाते हुए भाईजी ने कहा की कर्मों की गति महान है । जैसा हम करेंगे वैसा ही हमें मिलेगा।किसी को दुख देंगे तो दुख मिलेगा,सुख देंगे तो सुख मिलेगा। जैसी भावना हम दूसरों के लिए रखेंगे वैसी ही भावना हमें मिलेगी। उन्होने बताया की हमे व्यर्थ संकल्पों को खत्म करना है ।



परचिन्तन जैसी आदतों को खत्म करना है । भगवान को याद कर उनसे शक्तिया लेनी है । पॉजिटिव विचार करना है। निगेटिव को खत्म करना है। क्योंकि विचारों से ही शब्द,वृत्ति,व्यवहार,चरित्र, भाग्य बनता है। गलत सोच से ही तनाव होता है। तनाव से शक्ति खत्म होती है । गलत सोच से ही मन की ,तन की अनेकों बीमारियाँ होती है। हमे समर्थ संकल्प करना है तब हम निंदा,स्तुति,ग्लानि को डाईजेस्ट कर सकेंगे। मनोबल को मजबूत करने के लिए हमें नित्य अमृत वेले भगवान को याद करना है। जिससे आत्मा चार्ज हो सके। भाईजी ने कहा की जो भी होता है अच्छे के लिए ही होता है। यही गीता का भी सार है। तपस्या भट्टी का उद्घाटन राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी, इंजीनियर जनपद अशोक गुर्जर, ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, नम्रता दीदी ने दीप प्रज्वलन कर किया। ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने अतिथियों का स्वागत तिलक, चन्नी, पगड़ी के द्वारा स्वागत किया। मुस्कान ने अतिथियों के स्वागत में नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था के भाई बहनों ने माउंट आबू से आए राजयोगी ब्रह्माकुमार भगवान भाईजी का फूलों के द्वारा स्वागत किया।

भैंस चोरी की घटनाओं से माचलपुर क्षेत्र में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

स्थानीय थाना क्षेत्र में लगातार सामने आ रही भैंस चोरी सहित चोरियों की घटनाओं से ग्रामीणों और नगरवासियों में चिंता बढ़ गई है। तीन दिन पहले थाना क्षेत्र के ग्राम गोगटपुर से भैंस चोरी की घटना सामने आई थी। समय रहते घटना का पता चलने पर ग्रामीणों और पुलिस ने चोरों का पीछा किया। पीछा किए जाने पर चोर भैंसों से लदी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद गत रात्रि माचलपुर नगर में भी भैंस चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार नगर निवासी राजेश पिता गोवर्धन कोठारी की भैंस चोरी करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान मोहल्ले के लोगों के जाग जाने पर चोर मौके से भाग निकले और चोरी की घटना टल गई। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा



रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ग्रामीण जागरूक नहीं होते तो चोर अपने मंसूबे में सफल हो सकते थे। नगर सहित क्षेत्रवासियों पुलिस से रात के समय गश्त बढ़ाने, पूर्व में हुई घटनाओं की जांच कर आरोपियों का पता लगाने और पशु चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। वहीं, लगातार हो रही घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाती है।

बसों के स्टाफ को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

परिवहन विभाग राजगढ़ द्वारा यात्री वाहनों, स्कूली बसों सहित अन्य वाहनों का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम द्वारा बुधवार को तलेन क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों की चेकिंग के दौरान चालक, क्लीनर को आगजनी की स्थिति में उस पर नियंत्रण पाने अग्निशमन यंत्र के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। चौधरी टेवल्स की यात्री बस को चेक करने पर ड्राइवर वर्दी में न होने के चलते 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। आदर्श पब्लिक स्कूल की बस में अग्निशमन यंत्र न होने साथ ही चालक के वर्दी में न होने के चलते 3 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसी तरह मास्टर माइंड स्कूल, तलेन की दो स्कूल बसों की चेकिंग में कमियां पाए जाने पर 5 हजार रुपए जुर्माना लगाने की कार्यवाही टीम द्वारा की गई। संस्कार कान्वेंट स्कूल की बस की जर्जर हालत के चलते फिटनेस निरस्त करते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया। सर्वोदय स्कूल की बसों की चेकिंग में कोई कमी नहीं पाई गई। बस के चालकों को फायर फाइटर सहित अन्य प्रशिक्षण आरटीओ टीम द्वारा दिया गया।

अपने ऊपर लगे आरोपों पर बोले भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

धार्मिक कार्यों में हमेशा बाधाएं आती हैं: दीपक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जब-जब धर्म का कार्य होता है तो आसुरी शक्तियां हावी होती हैं। धार्मिक और सामाजिक कामों में हमेशा बाधाएं आती हैं। 84 हनुमान दर्शन यात्रा को लेकर एक व्यक्ति द्वारा आर्थिक सहायता(चंदे) के संबंध में जो आरोप लगाए गए हैं वे पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उक्त यात्रा के लिए बाकायदा पूरी समिति बनी हुई है। उस समिति के सम्मुख पूरा हिसाब रखा जा चुका है।

उक्त बात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बुधवार दोपहर एक प्रेसवार्ता को संबोधित




करते हुए अपने ऊपर लगे उन आरोपों को खारिज करते हुए कहीं जिसमें पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भानू जकोदिया द्वारा यात्रा संबंधी हिसाब न देने की शिकायत थाने पहुंचकर की गई थी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि भानू जकोदिया द्वारा स्वेच्छा से राशि दी गई थी। यात्रा के 07 माह बाद उन्होंने हिसाब मांगा। इस पर उनसे आयोजन समिति के सम्मुख हनुमान मंदिर में बैठकर हिसाब देखने आने कई बार बोला गया लेकिन श्री जकोदिया नहीं आए।

आगे भी होगा यात्रा का आयोजन

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि वे आरोपों से हतोत्साहित नहीं हैं। जीवन में अनेकों बार झंझावात आते हैं पर ऐसी अड़चनें धर्म की पताका को झुका नहीं पातीं। आगामी 24 जनवरी को पुनः 84 हनुमान दर्शन यात्रा का आयोजन और वृहद रूप में किया जाएगा। उधर, इस बारे में पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भानू जकोदिया की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उनका कहना है कि कार्यक्रम के आठ महीने बाद भी दीपक शर्माजी ने हिसाब क्यों नहीं दिया। मैंने आयोजन हेतु 2 लाख रुपए दिए तो मुझे हिसाब मांगने का हक है। यात्रा आयोजन में उतना खर्च नहीं हुआ जितनी राशि एकत्रित हुई थी।

खबर संक्षेप

देवकरण सिंह पोलाया बने सीहोर जिला अध्यक्ष



जावर। पद विक्रेता एवं असंगठित कामगार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह वर्मा ने देवकरण सिंह पोलाया को सीहोर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है यह संगठन मध्य प्रदेश के समस्त पद विक्रेता एवं समस्त असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के कल्याण वह उन्नति एवं उनके न्याय के लिए लड़ाई लड़ता है संगठन का जिला अध्यक्ष बनते ही देवकरण सिंह पोलाया ने कहा है कि संपूर्ण जिला में अभियान चला कर समस्त पद विक्रेताओ को एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को संगठन से जोड़कर उनके न्याय की लड़ाई लड़ी जाएगी इस दौरान शुभचिंताको ने बधाइयां शुभकामनाएं प्रेषित की है अरविंद सिंह ठाकुर, चेतन सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ कल्याण सिंह ठाकुर सेमली बारी ,जगदीश चौहान, धीरज सिंह पहलवान, जितेन, रूप सिंह, करण, चेतन सिंह, मनोहर सिंह, जीवनराज द्रविड़ ,नियाजु पठान आदि ने बधाई दी।

जांगड़ा महासभा के अध्यक्ष बने जितेंद्र

आष्टा। जांगड़ा महासभा भोपाल से प्रदेश अध्यक्ष राजेश बांधेवाल की अनुसंशा पर आष्टा क्षेत्र से जीतेन्द्र खेलवाल बेदाखेड़ी को अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जांगड़ा महासभा समिति आष्टा के सावंत सिंह अस्थाया, धूल सिंह जाटव, हेमराज सिंह प्रलातीया, जितेन्द्र रैकवाल बस स्टेंड देवेंद्र दंगोलिया जीवन सिंह ठेकेदार खाचरौद, लखन लाल मैकेनिक दुर्गा प्रसाद सिलोरिया शंकर लाल बडोलिया आदि ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पीएम श्री विद्यालय में विधायक ने विद्यार्थियों को वितरित की सायकल

विद्यार्थी शिक्षकों का सम्मान करें, अनुशासन प्रिय बनेः विधायक





विद्यार्थियों के लिये ओपन जिम का किया शुभारम्भ। पीएमश्री विद्यालय के विकास कार्यो के लिये 15 लाख की राशि देने घोषणा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/खाचरोद

15 अगस्त को हम सबने आजादी का 80 वा पर्व मनाया है,आजादी का दिन केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का दिन है, जिन्होंने अपने त्याग, संघर्ष और बलिदान से हमें आजादी का अनमोल उपहार दिया। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सरदार पटेल, डॉ. भीमराव अंबेडकर और असंख्य ज्ञात-अज्ञात वीरों ने देश की स्वतंत्रता और निर्माण में अपना सर्वस्व समर्पित किया तब हमें आजादी मिली है। आज हम उन्हीं के कारण खुले आसमान में स्वतंत्र भारत की सांस ले रहे हैं। हमारा तिरंगा केवल तीन रंगों का ध्वज नहीं है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत की आन,बान ओर शान का प्रतीक है । ये हमेशा हमे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में हमारा देश और प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है । आज विश्व मे मोदी जी के कारण भारत का डंका बज रहा है । आज भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। विधायक इंजीनियर ने कहा की आप विद्यार्थी ही नये भारत के भाग्य विधाता है,आगे आप को ही नेतृत्व करना है । आज सरकार विधायर्थियो, व्यापारियों, युवाओ, किसानों, महिलाओं, गरीबों,सहित सभी वर्गों के उत्थान,विकास के लिये दिन रात कार्य कर रहे है। मप्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है अभी आष्टा के 15 हाईस्कूल का उन्नयन हायर सेकेंडरी के रूप में,5 मिडिल का हाईस्कूल के लिये उन्नयन हुआ है। पीएमश्री स्कूल अब नये रूप में आपके सामने है । विधायक इंजीनियर ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने गुरुजनों का सम्मान करें ये ही आपके भविष्य को गढ़ने वाले शिल्पी है। वइस विद्यालय के 28 विद्यार्थियों का लेपटॉप के लिये दो का चयन स्कूटी के लिये हुआ में उनेह बधाई देता हूं। ये समय प्रतिस्पर्धा का समय है,जो मेहनत करेगा वो आगे बढ़ेगा। पीएमश्री विद्यालय के प्राचार्य कल्याणसिंह ठाकुर द्वारा सौपे गये मांग पत्र पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विद्यालय के विकास कार्यो के लिये 15 लाख रुपये देने की घोषणा की। सायकल वितरण कार्यक्रम के तहत विधायक ने पीएम श्री विद्यालय खामखेड़ा जत्रा के 42 विधायर्थियो को मुख्यमंत्री सायकल वितरण योजना के तहत सायकलों का वितरण कर विद्यालय के बच्चे,युवा सभी स्वस्थ रहे उनकी मांग पर ओपन जिम का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए वही अटल लेब के माध्यम से छात्रों द्वारा चन्द्रयान मॉडल बनाया, जिसका प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम में बीईओ आष्टा,मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार,युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष महेंद्रसिंह ठाकुर धाम, यशवंत सिंह ठाकुर महामंत्री, प्रेमनारायण वर्मा सरपंच खामखेड़ा जत्रा, रतन सिंह ठाकुर, लखन सिंह ठाकुर, जगन्नाथ सिंह नेताजी, कुमेर सिंह खेनियापुरा,अके सिंह सरपंच, तेज सिंह ठाकुर, भारत सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह, लखन सिंह, ज्ञान सिंह, शोभल सिंह, कवि विक्रम सिंह सोलंकी, नाथू सिंह, जगन्नाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, शिक्षक, पालक, नागरिक उपस्थित थे।

खाचरोद में 42 छात्र-छात्राओं को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सायकल की वितरण



खाचरोद। शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत बुधवार को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खामखेड़ा यात्रा में साइकिल वितरण तथा विधायक निधि से प्रदाय जिम का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में 42 छात्र-छात्राओं को विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा अपने हाथों से साइकिल वितरण की गई।इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी विद्यार्थी केवल साधन के अभाव से विद्या से वंचित न रहे। साइकिल वितरण योजना से विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे समय की बचत होगी तथा उपस्थिति में सुधार आएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की वही विधायक महोदय द्वारा स्कूल परिसर में सीसी रोड वह साइकिल स्टैंड हेतु 15 लाख रुपए की घोषणा की गई संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुरद्वारा विद्यालय की गतिविधियों तथा परीक्षा परिणाम के बारे में बताया कि इस वर्ष 2026 में 12वीं का परीक्षा परिणाम 94% रहा। वही दसवीं का परीक्षा परिणाम 91% रहा 28 विद्यार्थियों ने लैपटॉप प्राप्त किया कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी वही अटल लैब के माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा चंद्रयान मॉडल बनाया गया जिसका प्रदर्शन किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत स्कूल स्टाफ द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, निलेश सक्सेना प्रभारी बी ओ, नारायण सिंह मेवाडा बीएससी, सरपंच प्रेम नारायण वर्मा, पूर्व सरपंच लाखन सिंह ठाकुर, जगन्नाथ सिंह नेताजी, अकेसिग ठाकुर सरपंच बरघाटी, कुमेर सिग, तेज सिंह ठाकुर, भारत सिंह ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, ज्ञान सिंह ठाकुर, सावल सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह सोलंकी, नाथू सिंह, जगन्नाथ सिंह, स्कूल स्टाफ, प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, शिक्षक विनोद धरवा, कुमेर सिंह ठाकुर, राजेंद्र कुमार शर्मा, अमीरुद्दीन खान, शरद मालवीय, आनंद जायसवाल, रामचंद्र मालवीय, अमन सितोलिया, हरि कुवर मालवीय, करण सिंह चौहान, गंगाराम चौहान बाबूजी, मुस्ताक खान, गजराज सिंह कासलीवाल, अजय सिंह ठाकुर, पंकज मलेसिया, पवन शर्मा, राजेश बड़वान, मधु मालवीय, श्यामू मालवीय, निपुर खरे, किरण गुर्जर, अन्नपूर्णा मालवीय, उपलब्धि नागोरी, सोनिया सिंह, अंतर बाई, पवन, विनोद सहित छात्र-छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

राजीव गांधी जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस ने किया नमन, बढ़ती महंगाई के विरोध में पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी ने युवाओं को सशक्त बनाने तथा देश को आधुनिकता और तकनीकी विकास की राह पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जयंती कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान सरकार की आर्थिक नीतियों और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आमजन परेशान है और सरकार को जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की की मोदी सरकार की जिद ने देश के लोगों के मुँह से मिठास छीन ली है और जैसे ही कोई बड़ा त्यौहार आता है खाद्य सामग्रियों के भाव बढ़ जाते है जिससे घर के बजट पर अतिरिक्त भार बढ़ता है, और बस से लेकर रिचार्ज तक के भाव बढ़ाकर सरकार ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, इस सरकार में घर चलाना महंगा हो गया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी जी के विचारों एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कैलाश परमार, मीना सिंगी, सोबालसिंह मुगली, सोबालसिंह बागेर, कमलसिंह चौहान, सोहेल मिर्ज़ा, विनीत सिंगी, सुनील सेठी, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगड़ा, इदरीस मंसूरी, ज़ाहिद गुड्डू, भैया एमपी, खालिद पठान, चन्दरसिंह ठाकुर, सलीम अंसारी, राजकुमार मालवीय, कृपाल मालवीय, आत्माराम परमार, नईमउद्दीन, महेश परमार, नरेन्द्र कुशवाह, सुभाष नामदेव, इमरान डीलक्स, नवाब बेरी, गोरे मियाँ, प्यारे पटेल, अमित पटेल, फैजुद्दीन, लोकेन्द्र भाटी, प्रदीप भाटी, विनोद ठाकुर, स्वरूप जवारिया अखिलेश राजपूत, आशिक़ मंसूरी, परमानंद सेन, रामचरण दवारिया, नवाब मियाँ, अन्वेष पटेल, सईद टेलर, डॉ एजाज़, बंशी बांबे, डॉ हरि मेवाडा, रूपसिंह गोरिया, श्याम पटेल, प्रशांत गोल्डी, नासिर ख़ान, कृपाल तोमर, देवराज मालवीय, भरत वर्मा, निसार मसूदी, विनोद सोलंकी आदि लोग मौजूद रहे।

लोक सेवा गारंटी में देरी पड़ी भारीः भैरूंदा नपा सीएमओ पर 750 रुपए जुर्माना, तीन दिन विलंब से हुआ विवाह पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने वाले अधिकारियों पर अब प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। भैरूंदा नगर परिषद में विवाह पंजीयन से जुड़े एक आवेदन के निराकरण में तीन दिन की अनावश्यक देरी सामने आने पर नगर परिषद के सीएमओ रामप्रसाद भावरे पर 750 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कार्रवाई डिप्टी कलेक्टर गिरिराज परिहार द्वारा की गई है। जारी आदेश के अनुसार भैरूंदा नगर परिषद के सीएमओ रामप्रसाद भावरे के समक्ष विवाह पंजीयन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत इस आवेदन का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाना था, लेकिन आवेदन का समय पर निराकरण नहीं हो सका। संबंधित अधिकारी द्वारा आवेदन के निराकरण में तीन दिन का अनावश्यक विलंब किया गया।

तीन दिन की देरी पर जुर्माना

प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की। तीन दिन की देरी के लिए सीएमओ पर प्रतिदिन 250 रुपए के हिसाब से कुल 750 रुपए का जुर्माना लगाया गया। आदेश में भविष्य में इस तरह की लापरवाही नहीं बरतने और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने की हिदायत भी दी गई है।

अधिकारियों को समय-सीमा का पालन करने के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को निर्धारित समय में सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध नहीं कराने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

हर दिन 250 जुर्माने का प्रावधान

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाएं तय समय में उपलब्ध कराना संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी है। यदि निर्धारित समय-सीमा का उल्लंघन होता है तो अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संबंधित अधिकारी पर प्रतिदिन 250 रुपए के हिसाब से जुर्माना लगाया जा सकता है। भैरूंदा सीएमओ पर हुई कार्रवाई को प्रशासन की समय-सीमा आधारित सेवा व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

हंसदास मठ मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

सीहोर। रामचरितमानस के अमर रचयिता, महान संत श्री गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर हंसदास मठ मंदिर में भव्य एवं गरिमामय जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास व श्रद्धाभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य गुरु महाराज के पावन सान्निध्य में गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर पूज्य गुरु महाराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को गोस्वामी तुलसीदास जी के प्रेरक जीवन चरित्र, उनकी भक्ति साधना एवं रामचरितमानस के माध्यम से समाज को दिए गए मानवीय व आध्यात्मिक संदेशों से विस्तारपूर्वक रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी का जीवन हमें त्याग, समर्पण और अटूट प्रभु भक्ति की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान भव्य भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। संगीतमय भजनों और चौपाइयों के गायन से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप, आष्टा का शपथविधि समारोह संपन्न

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पद और दायित्व की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप, आष्टा का शपथविधि समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश कोठारी की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जी नाहर मुख्य अतिथि के रूप में तथा राष्ट्रीय महासचिव द्वय सुनील जी तांतेड़ एवं पंकज बाफना एवं श्वेतांबर जैन श्रीसंघ अध्यक्ष पवन जी सुराना विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस गरिमामय आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई , तत पश्चात मान्य वोहरा ,जिनशा चतर मुथा , आरना रूणवाल , खनक कोचर, द्वारा नवकार मंत्र पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। धीरा कोचर द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अपनी भावों को प्रकट किया। जिसे सभी अतिथियों द्वारा सराहा गया । रीना सुराणा, जया वोहरा, दीपा सुराणा, सारिका वोहरा, पूर्णिमा रूणवाल, प्रिया श्री श्रीमाल के द्वारा देश भक्ति के गीत पर डांस की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन नमीता सुराणा एवं दीपेश सिंगी द्वारा किया गया। समारोह मै ग्रुप के नवमनोनीत अध्यक्ष श्री अक्षय सलोनी जी चतरमुथा को राष्ट्रीय अध्यक्ष शकमलेश कोठारी ने पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई पदाधिकारियों के रूप में चेयरमैन राहुल महिला सुराणा, उपाध्यक्ष नमिता नीलेश सुराणा , प्रफुल्ल तमन्ना चोरडिया, सचिव दीपेश वैशाली सिंगी, कोषाध्यक्ष अमरदीप नेहा कोचर, सहसचिव विशाल अंजली पारख, सांस्कृतिक सचिव सारिका विनोद वोहरा, पूर्णिमा अमित रूणवाल, प्रचार सचिव तरुण सोनम चतर मुथा ने पद एवं दायित्व की शपथ ली, कार्य कारिणी सदस्य राजकुमार पीनल श्रीश्री माल, नरेंद्र सीमा चतरमुथा , अतुल अपेक्षा चतरमुथा, अनिमेष हर्षिता सिंगी, गौरव दीपिका कोठारी को भी शपथ दिलाई गई। अंत मे आभार प्रदर्शन जय वोहरा ने व्यक्त किया। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक दीपा सुराना एवं यश प्रिया श्रीश्रीमाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किये । इस अवसर पर उपस्थित सभी जन ने नवमनोनीत अध्यक्ष को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित करते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की।

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन



जावर। शासकीय महाविद्यालय जावर नगर जिला सीहोर में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन समारोह उत्साहपूर्वक किया गया। सप्ताह भर विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों एवं इससे बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों एवं निबंधों के माध्यम से रैगिंग के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया।एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतिम दिवस विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग विषय पर शॉर्ट फिल्म दिखाई गई, जिसके माध्यम से रैगिंग से होने वाले मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से समझाया।

साहित्य परिषद ने मनाई तुलसी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गत दिवस स्थानीय राठौर निवास पर तुलसी जयंती का आयोजन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में किया गया। पूर्व प्रांतीय महामंत्री जय नारायण राठौर ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ तुलसीदास जी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक महान संत थे, जिन्होंने विश्व को श्री रामचरितमानस जैसा ग्रंथ दिया। श्री राम जी का आदर्श चरित्र विश्व में अद्वितीय है। तुलसीदास जी बचपन में अभावों से जूझते हुए भी राम भक्ति में समर्पित रहे। उन्होंने समाज के लिए श्रेष्ठ ग्रंथों की रचना की। हनुमान चालीसा आज हर निर्बल का संबल है। रामचरितमानस विश्व की एवं हिंदी साहित्य की अनमोल धरोहर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबूलाल पटेल, जयनारायण राठौर, फूलसिंह ठाकुर, शिवनारायण राठौर, पुरुषोत्तम भावसार, जगदीश प्रजापति, दीपक राठौर, कमलेश ठाकुर, सिद्धू लाल, राजेंद्र सिंह, राजेश प्रजापति सहित तुलसी मानस मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। अगले वर्ष तुलसी जयंती को भव्य रूप में मनाने का सभी ने संकल्प दोहराया।